**बिहार सरकार**
**लघु जल संसाधन विभाग,**
**मुख्यालय अनुश्रवण**

संचिका संख्याः—ल0सिं0(मो0) वित्तीय निविदा—गया जी—237/25—137 (मो0) /पटना,दिनांकः—27.1.2026

प्रेषक,

**ई0 राजेन्द्र कुमार**
**अधीक्षण अभियंता (मु0),**
**अनुश्रवण,**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

सेवा में,

**मुख्य अभियंता,**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

विषयः—**दिनांक 27.01.2026 को सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के संबंध में।**

महाशय,

दिनांक 27.01.2026 को सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में आहूत विभागीय निविदा समिति की बैठक में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना से प्राप्त निविदा की समीक्षा की गई—

| क्र0 सं0 | प्रमंडल का नाम | पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या | ग्रुप संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गया जी | 14/2025—26 | 01 | परिवाद |

विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही संलग्न करते हुए अनुरोध है कि निर्णय का अनुपालन कर नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई करते हुए E-Proc-2 पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

अनु0—कार्यवाही की प्रति।

विश्वासभाजन

27/1/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

ज्ञापांक— 137 (मो0) /पटना, दिनांक—27.1.2026

प्रतिलिपि— आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय Website पर अपलोड करने हेतु प्रेषित/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0—कार्यवाही की प्रति।

27/1/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

D:\ASHUTOSH\ASHUTOSH-2026\JANUARY\LETTER-NIVIDA BAITHAK KARWAHI-GAYA-LABAWAR.DOCX

ज्ञापांक– 137 (मो०) /पटना, दिनांक–27.1.2026

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता (यो0+अनु0+भूगर्भ), लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

27/1/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

ज्ञापांक– 137 (मो०) /पटना, दिनांक–27.1.2026

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

27/1/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

**बिहार सरकार**

**लघु जल संसाधन विभाग**

**दिनांक 27.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

लघु सिंचाई प्रमण्डल, गया जी अन्तर्गत पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14/2025–26, ग्रुप संख्या–01, **(टेंडर आई०डी०–121747) लावाबार वीयर आहर पईन योजना का निर्माण कार्य** में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के स्तर पर गठित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति के निर्णय पर प्राप्त परिवाद हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही–

**उपस्थिति–**

(i) श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

(ii) ई0 सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(iii) ई0 सुनील कुमार, मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(iv) श्री निर्भय कुमार, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(v) ई0 राजेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता (मु0) अनुश्रवण, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

2. **परिवाद–** मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना अन्तर्गत गठित तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की कार्यवाही दिनांक 14.01.2026 पर **हॉली हॉक इन्फ्रा0 प्रा0 लि0, मोहन विगहा स्टेशन रोड, डालमियानगर** के द्वारा परिवाद दिया गया है।

3. **अभियंता प्रमुख स्तर पर गठित परिवाद समिति की समीक्षा–** विभागीय पत्रांक–150 (मो0) दिनांक–05.02.2025 के आलोक में अभियंता प्रमुख स्तर पर गठित परिवाद समिति द्वारा प्राप्त परिवाद की समीक्षा कर अनुशंसा की गई है। समीक्षा एवं मंतव्य निम्नवत् हैः–

**हॉली हॉक इन्फ्रा0 प्रा0 लि0, मोहन विगहा स्टेशन रोड, डालमियानगर**–लघु सिंचाई प्रमण्डल, गया जी अन्तर्गत पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14/2025–26, ग्रुप संख्या–01, लवाबार वीयर आहर पईन योजना का निर्माण कार्य के तकनीकी निविदा निर्णय पर प्राप्त परिवाद पर समीक्षा किया गया। **NIT के कंडिका 48 में अंकित** है कि किसी प्रकार का आपत्ति निविदा में भाग लेने वाले संवेदक द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर शपथ पत्र के साथ देने पर ही विचार किया जाएगा। जबकि इनके द्वारा परिवाद पत्र बगैर शपथ पत्र के जमा किया गया है।

**अतएव मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के मंतव्य से सहमत होते हुए परिवाद को अमान्य किया जाता है।**

**4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय–**

(i) Widening and Strengthening Work of Sasaram-Tilauthu Road From Km, 0.000 to 19.00 Km. in District Rohtas under CRF for the year 2018-19 के कार्य में (2 No Minor RCC Bridge, 17 Nos, Box Culvert) राशि उल्लेखित नहीं है। साथ ही साथ यह पत्रांक 746 (मो0) दिनांक 04.08.2021 के अनुरूप नहीं है, इसके कंडिका 3 के उप कंडिका (i) में उल्लेखित है कि वीयर/स्लूईस गेट/चेक डैम के लिए नदी/नाला पर बनने वाले R.C.C पुल एवं सभी Hydraulic संरचनायें सदृश्य कार्य के रूप में माना जाय। परन्तु इनके द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेख में उल्लेखित कार्य Road का Widening and Strengthening है।

(ii) संवेदक द्वारा स्वयं उल्लेखित किया गया है कि Construction of Dihra Check dam, DEO Check Dam & Lahthan Check Dam) का कार्य कराया जा रहा है, योजना पूर्ण नहीं किया गया है। जो समरूप कार्य अन्तर्गत नहीं है।

(iii) परिवाद के साथ शपथ पत्र संलग्न नहीं किया गया है। जबकि **NIT के कंडिका 48 में अंकित** है कि किसी प्रकार का आपत्ति निविदा में भाग लेने वाले संवेदक द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर शपथ पत्र के साथ देने पर ही विचार किया जाएगा। इनके द्वारा परिवाद पत्र बगैर शपथ पत्र का जमा किया गया है।

अतएव सम्यक विचारोपरान्त पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14/2025–26, ग्रुप संख्या–01, **(टेंडर आई०डी०–121747) लावाबार वीयर आहर पईन योजना का निर्माण कार्य** हेतु **हॉली हॉक इन्फ्रा0 प्रा0 लि0, मोहन विगहा स्टेशन रोड, डालमियानगर** से प्राप्त परिवाद को अमान्य किया जाता है। फलतः इनके तकनीकी निविदा अमान्य होगी।

**5**. विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही को e-proc website पर निर्णय प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर डाला जाए।

(राजेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता
(मु0) अनुश्रवण
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(निर्भय कुमार)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(सुनील कुमार)
मुख्य अभियंता
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना।

(सुनील कुमार)
अभियंता प्रमुख
लघु जल संसाधन विभाग,
पटना।

(बी0 कार्तिकेय धनजी)
सचिव
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।